Regarding Need to construct a new railway line between Chhapra Junction and Motihari Railway Station in Bihar- Laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** बिहार राज्य के सारण (छपरा) जिला में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली है और बिहार राज्य अंतर्गत ही पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिला, बापू महात्मा गाँधी जी की कर्म भूमि रहा है। विदित हो कि उक्त जिलों को छपरा जंक्शन से मेरे संसदीय क्षेत्र के जलालपुर,बनियापुर,सहाजितपुर,भगवानपुर,मलमलिया, मोहम्मदपुर मोड़ एवं डुमरिया घाट होते हुए मोतिहारी रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाईन से जोड़ने के लिए पूर्व में मेरे द्वारा अनेक स्तर पर भारत सरकार के रेलवे मंत्रालय से अनुरोध किया गया। अनुरोध के बाद सर्वे भी हुआ लेकिन रेलवे लाईन नहीं बन सकी। इस नई रेल लाईन विछाने की हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता सहित पूरे बिहार की जनता की पुरानी मांग है।

अत : उपर्युक्त दोनों ऐतिहासिक जिलों को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ने के लिए माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि शीघ्र आवश्यक कारवाई की जाये।